दिव्य हिमाचल
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

## Himachal News : हिमाचल प्रदेश में नकली एपीआई सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश



हिमाचल प्रदेश के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने नकली दवा निर्माण में लिप्त एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बद्दी से 950 किलोग्राम नकली एपीआई (एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट) सुक्रालफेट जब्त किया है। नकली दवाओं के खिलाफ यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसमें सरकारी जांच प्रयोगशालाओं ने पुष्टि की है कि जब्त किए गए सभी नमूनों में सुक्रालफेट का अंश मात्र भी मौजूद नहीं था, यानी ये एपीआई पूरी तरह से नकली और बेअसर थे। यह कार्रवाई राज्य सरकार की 'नकली दवाओं पर जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत राज्य औषधि नियंत्रक डा. मनीष कपूर के नेतृत्व में की गई। खुफिया सूचना के आधार पर औषधि निरीक्षक विकास ठाकुर और अक्षय कुमार की टीम ने बद्दी स्थित मेसर्स आदिनाथ हेल्थकेयर की फैक्टरी में छापा मारा।

निरीक्षण के दौरान वहां से 38 ड्रम एपीआई के बरामद हुए, जिसमें से 30 ड्रम पर लेजेंड इंडस्ट्रीज गुजरात और आठ ड्रम पर पर ड्रग्स एंड केमिकल्स लिमिटेड गुजरात का लेबल लगा था। संदिग्ध सामग्री के 11 नमूने सीडीएल कोलकाता भेजे गए, जहां जांच में खुलासा हुआ कि सभी नमूनों में सुक्रालफेट पूरी तरह अनुपस्थित था। इस रिपोर्ट को चुनौती देने पर नमूनों को कोर्ट के माध्यम से दोबारा केंद्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कोलकाता भेजा गया। अब तक प्राप्त पांच परीक्षण रिपोर्टों में सभी ने पुष्टि की है कि नमूनों में सुक्रालफेट का कोई अंश नहीं है। चार सैंपल मेसर्स पार ड्रग्स एंड केमिकल्स लिमिटेड के नाम पर थे जबकि एक सैंपल मेसर्स लेजेंड इंडस्ट्रीज के नाम पर था। -एचडीएम

Source: https://www.divyahimachal.com/2025/07/himachal-news-fake-api-supply-network-exposed-in-himachal-pradesh/